सत्यमेव जयते

# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**National Highways Authority of India**

(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

परियोजना कार्यान्वयन ईकाई–रूड़की,

**Project Implementation Unit-Roorkee**

मकान न0 181, शास्त्री पुरम, निकट होटल गोदावरी, रूड़की–247667

**House No. 181, Shashtri Puram, Near Hotel Godawari, Roorkee-247667**

दूरभाष/Phone : 01332-357626, ई–मेल/E-mail: piuroorkee@nhai.org

भा रा रा प्रा NHAI

भा.रा.रा.प्रा. / पी0आई0यू0–रूड़की / स्पर–हरिद्वार (डीपीआर) / 2020 / 6752 दि.: 21.12.2022

सेवा में,

**उप वन संरक्षक,**
हरिद्वार वन प्रभाग,
जनपद–हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

**विषयः** उत्तराखण्ड राज्य के हरिद्वार जिले में "उत्तर प्रदेश राज्य के सहारनपुर जिले में, दिल्ली–सहारनपुर–देहरादून आर्थिक गलियारे (ग्राम–हलगोया) से शुरू होकर उत्तराखण्ड राज्य के हरिद्वार जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग – 334 के बहादराबाद बाईपास (ग्राम–अतमलपुर बौंगला) तक 6–लेन अभिगम नियंत्रित हरिद्वार के लिए स्पर का उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य में भारतमाला परियोजना अन्तर्गत विकास" के किमी0 19.060 से किमी0 50.500 तक निमार्ण हेतु 1.6535 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को प्रत्यावर्तन। (Online no. FP/UK/ROAD/147686/2021)

**संदर्भः**

1. उप वन संरक्षक, वन प्रभाग हरिद्वार का पत्रांक संख्या 2331 / 12–1 हरिद्वार, दिनांक 21.12.2022
2. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवंज लवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक संख्या 8बी. / यू.सी.पी. /
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवंज लवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक संख्या 8बी. / यू.सी.पी. / 06 / 47 / 2022 / एफ0सी0 / 1084 दिनांक 07.11.2022
4. इस कार्यालय का पत्रांक संख्या 6215 दिनांक 01.10.2022
5. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवंज लवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक संख्या 8बी. / यू.सी.पी. / 06 / 47 / 2022 / एफ0सी0 / 545 दिनांक 15.07.2022
6. Forest proposal NO. FP/UK/ROAD/147686/2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक संख्या 8बी. / यू.सी.पी. / 06 / 47 / 2022 / एफ0सी0 / 1205 दिनांक 09.12.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून के पत्र दिनांक 15.07.2022 के सन्दर्भ में विभिन्न अभिलेख / दस्तावेज उपलब्ध करने हेतु प्रेषित किया गया है। उक्त बिन्दुओं के सन्दर्भ में आख्या निम्नानुसार है.–

| Sr. No. | EDS dt. 09.12.2022 | Compliance |
|---|---|---|
| 1. | बिन्दु संख्या 1 एवं 3 के जवाब में यह उल्लेख है कि उक्त भूमि किसी भी प्रकार के वन की श्रेणी में घोषित नहीं है। इस संबंध में राज्य सरकार से अनुरोध है कि निम्न बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही / जानकारी प्रेषित करने का कष्ट करें।<br>(i) 2.2527 है0 भूमि को आनलाईन प्रस्ताव में गैर वन क्षेत्र में शामिल किया गया है अथवा नहीं ?<br>(ii) भाग II में दी गई जानकारी के अनुसार कुल 714 वृक्ष प्रभावित हो रहे है जिनकी संख्या पहले 286 दर्शाई गई थी। हालांकि आनलाईन भाग II में केवल उन्ही वृक्षों का विवरण होना अनिवार्य है जो कि वन भूमि में आते है, अतः तदानुसार भाग II पर केवल 1.6535 है0 में शामिल वृक्षों की सही जानकारी देने का कष्ट करें। | 1.(i) 2.2527 है0 भूमि को आनलाईन प्रस्ताव में Details of land required for the Project के B.2.3 के क्रमांक 17 व 18 पर उल्लेखित ग्राम मेहवडकलां व बाजूहेड़ी की गैर वन क्षेत्र (Non Forest Land) में शामिल किया गया।<br>1.(ii) 1.6535 है0 भूमि पर प्रभावित वृक्षों की संख्या 286 है। |

21.12

| | | |
|---|---|---|
| 2. | बिन्दु संख्या 5 के जवाब में अभी भी सही जानकारी अपलोड नहीं की गई है तथा डिजिटल मैप के स्थान पर layout plan अपलोड किया गया है। | Form-A Part I Para C (IV) में डिजिटल मैप अपलोड किया गया है। डिजिटल मैप में वन भूमि का Co-ordinate सहित पूर्ण विवरण दर्शाया गया है। जिसकी छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित है। |
| 3. | बिन्दु संख्या 10 के जवाब में अभी भी सही जानकारी अपलोड नहीं की गई है तथा working plan prescription की जानकारी देने कि जगह मात्र 'Yes' लिख कर प्रेषित किया गया है। | working plan prescription का विवरण देते हुए जानकारी Additional documents में अपलोड किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित है। |

अतः उपरोक्त के क्रम में अनुरोध है कि आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।
धन्यवाद सहित!

भवदीय,


21.12.2022

**(पी0 एस0 गुसाँई)**
महाप्रबंधक (तक0) सह
परियोजना निदेशक
पी0आई0यू0–रूड़की

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**
प्रतिलिपिः

1. तकनीकी अधिकारी, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून।
2. अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, देहरादून।
3. वन संरक्षक शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

| S.No. | District | Tehsil | Village | Chainage | Cross Road / Canal | Length (m) | Width (m) | Area (Ha) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Haridwar | Roorkee | Mehwad kalan | 39+490 | Upper Ganga Canal | 575.5 | 6 - 49.6 | 1.6101 |
| | Haridwar | Roorkee | Bajuheri | | | 219.3 | 0.5 - 3.15 | 0.0434 |
| | | | Total = | | | 578 | 50.300 | 1.6535 |




GPS Coordinates: Degree,Minute & Second; GPS Setting: WGS-84

| S.No. | Latitude (N) | | | Longitude (E) | | | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Degree | Minute | Second | Degree | Minute | Second | |
| L01 | 29 | 54 | 48.40 | 77 | 55 | 32.35 | Upper Ganga Canal PF Coordinate |
| L02 | 29 | 54 | 49.17 | 77 | 55 | 34.54 | |
| L03 | 29 | 54 | 52.32 | 77 | 55 | 38.25 | |
| L04 | 29 | 54 | 52.31 | 77 | 55 | 38.70 | |
| R01 | 29 | 54 | 44.24 | 77 | 55 | 28.28 | |
| R02 | 29 | 54 | 43.68 | 77 | 55 | 28.12 | |
| R03 | 29 | 54 | 42.00 | 77 | 55 | 27.48 | |
| R04 | 29 | 54 | 38.39 | 77 | 55 | 24.55 | |
| R05 | 29 | 54 | 38.07 | 77 | 55 | 24.69 | |

MAP TITLE: DGPS MAP

SCALE: A2 - 1:2000 SHEET 01 OF 01

PROJECT NAME:

Diversion of Forest land for the Development of 6-lane (Greenfield) access-controlled Spur to Haridwar UP/Uttarkhand Boarder Near Manakpur Adampur Village (Ch:19+070) to Manoharpur Village (Ch:50+090) in Haridwar District of Uttarakhand State.

DESIGN CONSULTANTS:

Transys Consulting Pvt. Ltd. ACE
*in association with*
Accrete Consulting Engineers Pvt. Ltd.
12th Floor, JMD Regent Square, MG Road, Gurugram - 122 002
e-mail - info@transys.in; web - www.transys.in

AUTHORITY:

National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport & Highways)
G-5 & 6, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075

परियोजना निदेशक / Project Director
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
National Highways Authority of India
पी०आई०यू० रूड़की / PIU, Roorkee

उप प्रभागीय वनाधिकारी
हरिद्वार वन प्रभाग

वन क्षेत्राधिकारी
रुड़की रेन्ज (हरिद्वार)

उप वन संरक्षक
हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार

A03

## सारणी–9.1

| क्र0सं0 | कार्यवृत्त का नाम | आबंटित क्षेत्रफल(है0) |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | संरक्षण एवं साल सुधार कार्यवृत्त | 14768.69 |
| 2 | विविध वन कार्यवृत्त (आरक्षित वन) | 14038.91 |
| | (संरक्षित वन) | 211.77 |
| | योग | 14250.68 |
| | **कुल योग** | **29019.37** |

राजिवार क्षेत्रीय कार्यवृत्तों का विवरण सारणी–9.2 में दिया गया है।

## सारणी–9.2

| क्र0 सं0 | कार्यवृत्त का नाम | हरिद्वार | श्यामपुर | चिड़िया पुर | खानपुर | लक्सर | रूड़की | योग |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | संरक्षण एवं साल सुधार कार्यवृत्त | | | | | | | |
| | 1. साल संरक्षण सुधार कार्यश्रेणी | – | 3667.70 | – | 749.40 | – | – | 4417.10 |
| | 2. संरक्षण सुधार कार्यश्रेणी | 1355.80 | 5320.81 | 1445.1395 | 696.79 | 1533.05 | – | 10351.59 |
| | **योग** | **1355.80** | **8988.51** | **1445.1395** | **1446.19** | **1533.05** | – | **14768.69** |
| 2. | विविध वन कार्यवृत्त | | | | | | | |
| | 1. यूकेलिप्टस कार्यश्रेणी | – | 975.757 | 2698.9185 | – | – | – | 3674.6755 |
| | 2. विविध कार्यश्रेणी | 1632.92 | 1645.0807 | 2292.762 | 4085.48 | 707.9872 | – | 10364.2299 |
| | **योग** | **1632.92** | **2620.8377** | **4991.6805** | **4085.48** | **707.9872** | – | **14038.91** |
| | 3. पटरी कार्यश्रेणी | | | | | | | |
| | क. नहर | 60.25 | – | – | – | – | 132.52 | 192.77 |
| | ख. उद्यान | 2.30 | – | – | – | – | 2.50 | 4.80 |
| | ग. मोटर मार्ग | – | – | – | – | – | 14.20 | 14.20 |
| | **योग** | **62.55** | – | – | – | – | **149.22** | **211.77** |
| | विविध वन कार्यवृत्त | 1695.47 | 2620.8377 | 4991.6805 | 4085.48 | 707.9872 | 149.22 | 14250.68 |
| | **कार्यवृत्तों का कुल योग** | **3051.27** | **11609.3477** | **6436.82** | **5531.67** | **2241.0372** | **149.22** | **29019.37** |

को पथरी वन ब्लॉक में पुर्नस्थापित किया जाय। वन क्षेत्रों से नाजायज गूजरों तथा उनके मवेशियों को सख्ती से हटाया जाय, जिससे वन पुनस्थापित हो सके।

10.26 **भूमि संरक्षण** – आवश्यकतानुसार उपचार कार्य किये जाने का विस्तृत विवरण अध्याय–17 में दिया गया है।

## 2. संरक्षण सुधार कार्यश्रेणी – 10351.59 है०

10.27 **सामान्य गठन** .– इस कार्यश्रेणी में, श्री मिश्रा की प्रबन्ध योजना के वे समस्त क्षेत्र संरक्षण एवं सुधार कार्यवृत्त तथा गंगा के मझाड़े वाले वन खण्डों को सम्मिलित किया गया है। अधिकांशतया ये प्राकृतिक वन क्षेत्र हैं। वर्तमान में इन वनों की दशा अत्यन्त निम्न कोटि की है। इन क्षेत्रों में अतीत में विनाश की सीमा तक कटान तथा चरान–चुगान कराया गया है। ये क्षेत्र अग्नि दुर्घटनाओं से प्रभावित होने के कारण अत्यधिक अवनत स्थिति में पहुंच गये हैं। इस कार्यश्रेणी में सम्मिलित किये गये अधिकांश क्षेत्रों की विशेष स्थिति को देखते हुए इनके चरान–चुगान व अग्नि से रक्षित करते हुए भूमि व जल संरक्षण के दृष्टिकोण से सुधार कार्यो की अत्यन्त आवश्यकता है।

10.28 **वनस्पति का सामान्य रूप** – सामान्यतः वनस्पति का स्वरूप अच्छा नहीं है। यह गंगा मझोड़ क्षेत्र से 650 मीटर तक ऊँचाई वाले शिवालिक पर्वतमाला के शुष्क पर्णपाती वन है। क्षेत्र में कहीं–कहीं पर विकृत एवं छोटे वृक्ष हैं। पूर्व के अनावश्यक पातन, अनियंत्रित चारण व शाखाकर्तन तथा अग्नि दुर्घटनाओं के कारण वनों की दशा अत्यन्त खराब हो गयी है। इन वनों की वानस्पतिक आवरण की स्थिति अच्छी नहीं है। शिवालिक पर्वत श्रंखलाओं के सीधे एवं खड़े भागों पर भाबड़ घास एवं अन्य घास का आवरण है। कुछ स्थान आवरण विहीन भी है। नदियों व रावों के किनारे भू–क्षरण व भू–स्खलन से अत्यधिक प्रभावित होने के कारण प्रतिवर्ष बड़े–बड़े शैल खण्डों के विघटन से भू–स्खलन की स्थिति में निरन्तर वृद्धि हुई है। इस कार्यश्रेणी में मुख्यतः उत्तरी शुष्क पर्णपाती वर्ग की वनस्पति पायी जाती है। चैम्पियन व सेठ के वर्गीकरण के अनुसार यह वन 5बी/सी–2 की श्रेणी में आते हैं। इसका विस्तृत विवरण अध्याय–2 में दिया गया है।

10.29 **प्रबन्ध के विशेष उद्देश्य** – अध्याय–9 में उल्लिखित प्रबंध के सामान्य उद्देश्यों के साथ–साथ, इस कार्यश्रेणी के मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार है –

1. वनों में विद्यमान वनस्पति का संरक्षण कर सस्य की वर्तमान अवस्था में सुधार लाना ताकि मृदा व जल संरक्षण किया जा सके।
2. उपयुक्त प्रजातियों का रोपण करके कम घनत्व वाले रिक्त क्षेत्रों की वननिधि में वृद्धि करना एवं प्राकृतिक पुनर्जनन के लिये अनुकूल स्थिति उत्पन्न करना।
3. वनों में अधिक उपयोगी, स्थानीय मूल्यवान प्रजातियों के अनुपात में वृद्धि करना।
4. भू–क्षरण तथा भू–स्खलन से प्रभावित क्षेत्रों का उपचार करना।
5. वन्य जीवों के वास स्थलों का सुधार करना।
6. जल स्रोतों को संरक्षित एवं सवंर्द्धित करना।